तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

10 मनरेगा में बदलाव के खिलाफ कांग्रेस का ...



10 मांझीपाल में निर्माणाधीन है प्रदेश का पहला ...





## खबर संक्षेप

### एनएमडीसी के मुख्य गेट पर कांग्रेस का धरना



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस ने आज नगरनार में एनएमडीसी स्टील प्लांट के मुख्य गेट के सामने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेसियों ने वादाखिलाफी का आरोप लगाते मांगों को पूरा करने की बात कही। धरना में पूर्व विधायक रेखचंद जैन, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, अतिरिक्त शुक्ला समेत नगरनार क्षेत्र के कांग्रेसी मौजूद थे।

### 4 परिवार को दी गई 16 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 परिवार को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। तहसील भानपुरी के ग्राम बड़े अलनार निवासी मोहित की मृत्यु पानी में डूबने से पिता रामचंद को, तहसील दरभा के ग्राम नेगानार निवासी चरन सिंह मौर्य की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्री काजल को, ग्राम केशापुर निवासी साक्षी की मृत्यु पानी में डूबने से पिता सोनसिंह को और ग्राम भडरीमहू निवासी उमेश कुहरामी की मृत्यु पानी में डूबने से माता श्रीमती केश्लो को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### कार्रवाई : बंद घर के सामने खड़ी वाहनों को बनाते थे निशाना

# गिरोह फूटा, तीन आरोपी गिरफ्तार निशानदेही पर छह बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बोधघाट पुलिस ने बंद घरों के सामने खड़ी बाईक चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 6 बाईक बरामद किया है। वारदातों को अजांम देने के बाद आरोपी चोरी की बाईक को गोबर मिल के खण्डहर में छुपाकर रखे थे जिसे उनकी निशानदेही पर बरामद किया गया। वहीं नगरनार पुलिस ने एक बाइक के साथ आरोपी तुलसी कश्यप निवासी नगरनार को गिरफ्तार किया है।

- गोबर मिल के खण्डहर में छिपाकर रखे थे चोरी के वाहन

लगातार हो रही बाईक चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी गीतिका साहू के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर व साइबर सेल के नेतृत्व में टीम गठित

▶▶ शेष पेज 10 पर




#### आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया

आरोपियों ने स्वीकार किया कि चोरी की गई सभी बाईकों को चोरी करने के बाद एफसीआई गोदाम के सामने गोबर मिल के खण्डहर में छुपा कर रखे है। उनकी निशानदेही पर चोरी की सभी बाईक को बरामद किया गया। मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। मामले में त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक लीलाधर राठौर व दिलबाग सिंग के अलावा एसआई प्रमोद ठाकुर, लोकेश्वर नाग, उर्मिला साहू, प्रधान आरक्षक सुनील मनहर, अहिलेश नाग, धर्मेंद्र कंवर, दिनेश जशकर, खेदु ठाकुर, आरक्षक युवराज, परमानन्द भोयर, होरीलाल आर्मो, सोनू गौतम, हेमचंद, प्रदीप, कृष्णा, महेंद्र पटेल, राजू दयाल, महंगूराम, अमर सिंह, तरुण यादव व धनेश्वर यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लाखों क्विंटल धान का उठाव नहीं खरीदी केंद्रों में लगा भारी जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में धान खरीदी का आंकड़ा भले ही कागजों पर प्रभावशाली दिख रहा हो, लेकिन वास्तविक स्थिति खरीदी केंद्रों पर पूरी तरह अव्यवस्थित नजर आ रही है। 22 जनवरी तक जिले के 382 उपार्जन केंद्रों पर 6.17 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी दर्ज की जा चुकी है,लेकिन लाखों क्विंटल धान का समय पर उठाव नहीं होने से अधिकांश केंद्रों में जाम की स्थिति बनी हुई है। स्थिति यह है कि खरीदी केंद्रों पर मोटा, पतला

▶▶ शेष पेज 10 पर

- मिलरों की सुस्ती से उपार्जन व्यवस्था चरमराई
- 382 केंद्रों पर ढेर, किसान परेशान,व्यवस्था पर सवाल

#### धान केंद्रों में जाम

जिले के 382 उपार्जन केंद्रों पर 6.17 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा जा चुका है, लेकिन लाखों क्विंटल धान अब भी केंद्रों पर पड़ा हुआ है। मिलिंग के लिए धान जारी होने के बावजूद उठाव की रफ्तार धीमी बनी हुई है। केंद्रों पर बढ़ते ढेर से न केवल खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है,बल्कि किसानों को भी बार-बार इंतजार करना पड़ रहा है। हालात बताते हैं कि यदि तत्काल केंद्रवार उठाव योजना लागू नहीं की गई, तो व्यवस्था पर संकट और गहरा सकता है।

## ओवरलोड व बिना फिटनेस के वाहनों पर कसेगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

परिवहन विभाग की ओर से बस्तर जिले में शीघ्र ही लगातार कार्रवाई कर ऐसे वाहनों की धरपकड़ की जाएगी, जो ओवरलोड या बिना फिटनेस के सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। लंबे समय से क्षेत्र में ऐसे वाहनों की शिकायतें मिल रही थीं। अभियान

▶▶ शेष पेज 10 पर

- फिटनेस वाहनों से लोगों की हो रही जान जोखिम



#### वाहनों की होगी धरपकड़

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि ऐसे वाहन भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जो भौतिक रूप से चलने लायक नहीं हैं। बिना फिटनेस जांच के ही इनका संचालन किया जा रहा है, जो कभी भी दुर्घटनाओं का सबब बन सकता है। ऐसे वाहनों की धरपकड़ की जाएगी।

## पोकलेन मशीन में आगजनी, जलकर नष्ट इलाके में दूसरी घटना से लोगों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बचेली

नगर में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने एल एंड टी कंपनी की एक पोकलेन मशीन में आग लगा दी। यह मशीन पाइपलाइन कार्य में लगी हुई थी और पुराना मार्केट स्थित बीटीओए यूनियन कार्यालय के पास खड़ी थी। आगजनी की इस घटना में मशीन पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई है। बीच शहर में इस तरह की घटना से लोगों में दहशत है।

इस इलाके में लगातार यह दूसरी घटना है। इससे पहले हाई स्कूल के पास हाई टेंशन लाइन के टावर निर्माण में लगी एक अन्य पोकलेन मशीन को भी असामाजिक तत्वों ने जला दिया था। उस पुराने मामले में आज तक किसी भी आरोपी की पहचान या गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।



इस आगजनी से क्षेत्र में दहशत और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। एल एंड टी कंपनी के अधिकारियों के साथ स्थानीय नागरिक भी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ऐसी घटनाएं न केवल संपत्ति का नुकसान करती हैं, बल्कि क्षेत्र के विकास कार्यों को भी प्रभावित करती हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर यह घटना नक्सली वारदात प्रतीत नहीं हो रही है। इसे अज्ञात बदमाशों या असामाजिक

▶▶ शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### 15 हजार पदों पर भर्ती के लिए लगेगा महाकुंभ

**जगदलपुर।** राज्य शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा राजधानी रायपुर में एक राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार में 29 से 31 जनवरी तक चलने वाले इस मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र में तकनीकी और गैर-तकनीकी श्रेणी के लगभग 15 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर के उपसंचालक जय प्रकाश कौशिक ने जानकारी दी कि इस मेले में बस्तर संभाग के अभ्यर्थियों के लिए एक विशेष दिन निर्धारित किया गया है। बस्तर जिले सहित संभाग के अन्य सभी जिलों के आवेदकों का साक्षात्कार मेले के अंतिम दिन शनिवार को लिया जाएगा।

### यौन उत्पीड़न पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**कांकेर।** कार्य स्थल पर महिलाओं का लैंगित उत्पीड़न अधिनियम 2013 के अंतर्गत जन जागरूकता के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रतिशक्षण संस्थान कांकेर के छात्र-छात्राओं और प्राथमिक विद्यालय में प्रशिक्षणरत शिक्षकों को कार्य स्थल पर महिलाओं का लैंगिग उत्पीड़न अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई। इसी प्रकार तहसील कार्यालय कांकेर के पास नुक्कड़-नाटक के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम एवं प्रचार-प्रसार किया गया।

### रोजगार मेला का 29 से 31 जनवरी तक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के द्वारा 29 से 31 जनवरी तक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी लगभग 15 हजार पदों पर चयन के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय रोजगार मेला के लिए कांकेर जिले के लगभग 1710 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका हैं।

### कांकेर में गूंजा जय श्रीराम, आस्था और सेवा का बना अनुपम संगम

**कांकेर।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर कांकेर नगर धर्म, आस्था और सामाजिक एकता के अद्भुत रंग में रंगा नजर आया। इस शुभ दिन पर नगर में भक्तिभाव और उल्लास का ऐसा वातावरण बना, जिसने हर श्रद्धालु के मन को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक समितियों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान श्रीराम के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे क्षेत्र में जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बन गया।

# धनोरा चैंपियंस लीग सीजन-1 में ट्राइबल वॉरियर्स बनी चैंपियन

## फाइनल में एस.बी. गुंजन एग्रो स्ट्राइकर्स को 148 रनों से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

ग्रापं धनोरा के रावणभाठा मैदान में आयोजित धनोरा चैंपियंस लीग (डीसीएल) सीजन–1 का भव्य और रोमांचक समापन हुआ। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 12 मालिकों द्वारा खरीदी गई आठ टीमों ने हिस्सा लिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

फाइनल मुकाबला ट्राइबल वॉरियर्स और एस.बी. गुंजन एग्रो स्ट्राइकर्स के बीच खेला गया। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए ट्राइबल वॉरियर्स की ओर से चैतन्य सारथी ने शानदार 74 रनों की पारी खेली, जिसकी बदौलत टीम ने 186 रन बनाए। 187 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एस.बी. गुंजन एग्रो स्ट्राइकर्स की टीम ट्राइबल वॉरियर्स के घातक गेंदबाजी आक्रमण के सामने मात्र 38 रनों पर सिमट गई। इस तरह ट्राइबल वॉरियर्स ने फाइनल मुकाबला 148 रनों के बड़े अंतर से जीतकर खिताब अपने नाम किया।

पूरे टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले डॉमेंद्र तेता ने 9 पारियों में 302 रन बनाकर मैन ऑफ द सीरीज का खिताब हासिल किया। विजेता ट्राइबल वॉरियर्स को 30,000 रुपये नकद एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता एस.बी. गुंजन एग्रो स्ट्राइकर्स को 15,000 रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके अलावा अन्य आकर्षक पुरस्कार भी खिलाड़ियों और टीमों को दिए गए।

### ये रहे उपस्थित

समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग, जनपद अध्यक्ष केशकाल नंदिनी पोटाई, सरपंच ग्राम पंचायत धनोरा नोहरू राम मंडावी, जनपद सदस्य हितेश नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी धनौरा प्रवीण अग्निहोत्री, पूर्व जनपद सदस्य बीरेंद्र बघेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### इनका रहा योगदान

प्रतियोगिता को सफल बनाने में अरुण यादव, मुकेश पांडे, देवेंद्र नाग, नारद वैध, रतन यादव, वेद अतकारी, राजेश यादव, तामेश्वर अतकारी, हरीश पांडे, अमन अतकारी, निरोज नाग, धर्मेंद्र अतकारी सहित आयोजन समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## केशकाल ब्लॉक में गांव-गांव पहुंच रही कांग्रेस, मजदूरों को बताया आंदोलन का मकसद

# मनरेगा में बदलाव के खिलाफ कांग्रेस का जनसंपर्क अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

- पदयात्रा, पाम्पलेट वितरण और 'मनरेगा बचाओ संग्राम रथ' के जरिए भाजपा पर हमला

केंद्र मे बैठी भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा क़ानून मे किये जा रहे बदलाव को लेकर कांग्रेस आक्रामक नजर आ रही है पिछले दिनों केशकाल के बस स्टैंड में कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की उपस्थित में प्रेस वार्ता ओर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया अब जाकर जनसंपर्क के माध्यम से गांव गांव तक पहुंच किसान मजदूर ग्रामीणों से रूबरू होकर आंदोलन के बारे मे विस्तार से बता रहे हैं।

केशकाल ब्लॉक के सभी गाँवो मे मंडल स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से गांव गांव पहुंचने की योजना बनाकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व मे यह जनसंपर्क कार्यक्रम आहूत किया गया है जिसकी शुरुआत बहीगांव मण्डल से किया गया उसके पदयात्रा करते हुए सिंघनपुर मण्डल तक पहुंच कर जन जन तक राहुल गाँधी मल्लिकार्जुन खड़गे के संदेश को पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं मनरेगा बंद होने से मजदूरों को होने जा रहे नुकसान को बता रहे हैं। बहीगांव, सिंघनपुर पहुंची जहां पर साप्ताहिक बाजार मे घूम घूम कर कोंग्रेसियो ने पाम्पलेट बांटा वहीं राजेश नेताम ने मनरेगा बचाओ संग्राम रथ जो बनाई गयी है उस गाड़ी के बोनट मे खडे होकर जनता को सम्बोधित करते विस्तार से बताया की भाजपा किस तरिके से जनता के हितों को नजरअंदाज करते हुए कांग्रेस की यूपीये सरकार के दौरान मजदूरों के हित मे बनाये गए मनरेगा क़ानून को खतम करने जा रही है।





### ये रहे उपस्थित

पदयात्रा के दौरान केशकाल कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश नेताम, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पप्पू मांडवी, जनपद सदस्य सुरेश कोर्राम, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेखा मरकाम, सिंघनपुर मण्डल अध्यक्ष रमेश मांडवी, खेतरपाल मण्डल अध्यक्ष श्याम लाल सालाम, युवा कांग्रेस महासचिव दयाशंकर मरकाम, श्यामलाल नेताम, अशोक टेकाम, रत्न नेताम मण्डल उपाध्यक्ष, अशोक नेताम, छेदी नेताम, ईश्वर नेताम, कमल पटेल, सीपन हलधर, मानसिंग मरकाम, सहदेव मरकाम, सहित भारी संख्या में कांग्रेसी, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# कोंडागांव में आज धूमधाम से मनाई जाएगी माता परमेश्वरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कोंडागांव जिला देवांगन समाज द्वारा भव्य कलश यात्र व पूजा–अर्चना का आयोजन

कोंडागांव जिला देवांगन समाज द्वारा आज बसंत पंचमी के पावन अवसर पर माता परमेश्वरी जयंती का आयोजन पूरे श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ किया जाएगा। आयोजन को लेकर समाजजनों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है तथा तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम की शुरुआत बंधा तालाब चौपाटी मैदान से भव्य कलश यात्र के साथ होगी, जिसमें माताजी के जयकारों के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शोभायात्र में शामिल होंगी, जिससे नगर का वातावरण भक्तिमय हो उठेगा।

नगर भ्रमण के पश्चात शोभायात्र महात्मा गांधी वार्ड स्थित आत्मानंद स्कूल मैदान पहुंचेगी, जहां माता परमेश्वरी की विधिवत पूजा–अर्चना के बाद अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही समाजिक एकता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। देवांगन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि माता परमेश्वरी समाज की ईष्ट देवी हैं, जिनके प्रति समाज की गहरी श्रद्धा और आस्था है। यह आयोजन समाज की सांस—तिक परंपराओं को सहेजने और समाज को एकजुट करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।



### अधिक से अधिक समाजजन हो शामिल की अपील

समाज के वरिष्ठजनों व पदाधिकारियों ने सभी समाजजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और सामाजिक एकता का परिचय दें। गौरतलब है कि देवांगन समाज द्वारा प्रति वर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर माता परमेश्वरी जयंती मनाई जाती है, जो सांस्कृतिक चेतना, धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देती है तथा समाज के उत्थान की दिशा में प्रेरणादायी भूमिका निभाती है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर हुई मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाईवे 30 गुरुद्वारा के पास गुरुवार की शाम करीब 5:30 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक क्रमांक सीजी 27 क्यू 5458 को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । सूचना पर तत्काल फरसगांव थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के पास रखे दस्तावेज से मृतक की पहचान निवासी मनोज कुमार पिता पूनउ राम उम्र 24 वर्ष निवासी चिचाड़ी (डूरकीपारा) के रूप में की है। पुलिस ने मृतक के शव को चीरघर में रखकर घटना की जानकारी परिजनों के दी है। वहीं पुलिस अज्ञात वाहन की पतासाजी में जुटी हुई है। परिजनों के अनुसार मृतक राज मिस्त्री का काम करता था, जो आज कुल्हाडगांव में मिस्त्री काम करने गया हुआ था ।

# भव्य तिरंगा यात्रा ने शहर को दिया देशभक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रजत जयंती और गणतंत्र दिवस के अवसर पर निकाली यात्रा
- युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का संदेश फैलाया

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बस्तर द्वारा 22 जनवरी को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा छत्तीसगढ़ रजत जयंती पूर्ण वर्ष एवं गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। कार्यक्रम का एकत्रीकरण दोपहर 12:30 बजे दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में हुआ, जहां से यात्रा माता दंतेश्वरी के दर्शन के साथ प्रारंभ हुई।

यात्रा का मार्ग दंतेश्वरी मंदिर से मिताली चौक, संजय मार्केट, महारानी अस्पताल चौक, चांदनी चौक, सीताराम शिवालय चौक, गोल बाजार चौक होते हुए पुनः मिताली चौक से दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण तक रहा। पूरे मार्ग में छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारों से वातावरण को देशभक्ति से भर दिया। स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक यात्रा का स्वागत किया।

यात्रा का नेतृत्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बस्तर विभाग संयोजक शैलेश ध्रुव ने किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली ताकत है और आज के विद्यार्थी ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं। उन्होंने तिरंगा केवल झंडा नहीं,बल्कि स्वाभिमान का प्रतीक बताते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में राष्ट्रीय चेतना और एकता की भावना को प्रबल करते हैं।

भव्य यात्रा में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यात्रा के समापन पर सभा आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि जगदलपुर नगर निगम पालिका के महापौर संजय पांडे ने विद्यार्थियों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं। उन्होंने युवाओं को शिक्षा के साथ सामाजिक सेवा करने की प्रेरणा भी दी।

कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशासन और पुलिस विभाग का सहयोग सुनिश्चित रहा और यातायात सुचारू रूप से संचालित रहा। यात्रा का समापन भारत माता की जय के नारों के साथ हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,बस्तर विभाग, संयोजक शैलेश ध्रुव एवं महापौर संजय पांडे, अश्विन पिल्ले, अवनीश, ऋतिक,टेमन, प्रशांत, नूशांत, रघु, गजेन्द्र,करण,पूनाव, गौरव,कृष्णा कमला,दिशा समेत अभाविप के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### तिरंगा यात्रा की प्रमुख झलकियां

*दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर मिताली चौक,संजय मार्केट,महारानी अस्पताल चौक,चांदनी चौक,सीताराम शिवालय चौक,गोल बाजार चौक होते हुए पुनः प्रांगण में संपन्न हुई यात्रा। छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रप्रेम का संदेश फैलाया। अनुशासन और शांति का विशेष ध्यान रखा गया। स्थानीय नागरिकों ने स्वागत किया।*

## सेंटर में पर्यटक होंगे नंगे पाव और वनों में होगी ध्यान करने की सुविधा

# मांझीपाल में निर्माणाधीन है प्रदेश का पहला पारम्परिक हीलिंग सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के मांझीपाल में प्रदेश का पहला पारम्परिक हीलिंग सेंटर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सेंटर शीघ्र ही निर्माण हो जाएगा, उसके बाद पहुंचने वाले पर्यटकों का सेंटर में पर्यटकों को 8-10 दिन का पैकेज किया जाएगा, उस दौरान पर्यटकों का मोबाईल कमरे में रखा जाएगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय वैद्यराज से पर्यटकों का बीपी, शुगर जांच की जाएगी। सेंटर में विभिन्न गतिविधियां होगी, जिनमें मानसिक तनाव दूर होने के साथ शरीर को तंदरूस्त रखने में भी मदद मिलेगी। इसमें मानव इंद्रियों की संवेदना को प्रकृति से जोड़कर मानसिक एवं शारीरिक समस्याओं का उपचार होगा है, ताकि मानसिक शांति की की अनुभूति हो सके। पारंपरिक हीलिंग सेंटर में पर्यटकों को आयुर्वेद से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए परामर्श एवं उपचार किया जाएगा। पर्यटक पूरे आदिवासी कल्चर को जी सके और यहां की खूबसूरत वॉटर फाल्स और अन्य पर्यटन स्थलों की खूबसूरती निहारने के साथ ही आदिवासी कल्चर का भी लुत्फ उठा सकें। पूरी तरह से आदिवासी कल्चर में पर्यटकों को स्थानीय व्यजंन परोसे जाएंगे।





### तनाव, चिंता से दूर रहेंगे पर्यटक

*कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि मांझीपाल के जंगल में शीघ्र ही ट्रेडिशनल हीलिंग सेंटर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सेंटर में स्थानीय वैद्यराज से पारम्परिक चिकित्सा में पोषण संबंधी परामर्श, भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना, तनाव, चिंता, दुःख और आघात को दूर करना, शरीर में संतुलन लाना, बीमारी का इलाज किया जाएगा।*

## पेज 9 के शेष

### गिरोह फूटा, तीन...

किया गया था। बोधघाट टीआई राठौर ने बताया कि 21 जनवरी को प्रार्थी आकाश नाग ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने स्प्लेंडर मोटर सायकल सीजी 17 केएच 2369 को 13 जनवरी की रात साकेत कालोनी स्थित अपने घर के सामने रखा था जिसे अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले की पड़ताल के दौरान टीम ने संदेह के आधार पर तितीरगांव निवासी रितेश पांडे व कृष्णा बघेल उर्फ कोंदा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि पैसे की लालच में आकर ज्यादा पैसे कमाने के उद्देश्य से उक्त वाहन को चोरी किए थे। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने कई और चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि उन्होने अपने ही गांव तितिरगांव से घर के सामने खड़ी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 17 केएच 4366 तथा सीजी 17 केपी 0720 जो घर के सामने खड़ी थी चोरी किया था। इसके अलावा 3 जनवरी को पावर हाउस चौक से स्पलेंडर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 17 केएम 1151 तथा झंकार टाकीज के पास खडे मोटर सायकल पैसन प्रो क्रमांक सीजी 07 एएल 1398 को मिलकर चोरी किए थे।

### लाखों क्विंटल धान...

और सरना धान के ढेर लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जबकि मिलिंग के लिए जारी की गई मात्रा के अनुपात में वास्तविक उठाव धीमा है। आंकड़ों के अनुसार मिलरों को 6.19 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान जारी किया गया है,लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि केंद्रों से गोदाम और मिल तक धान की आवाजाही अपेक्षित गति से नहीं हो पा रही। इसका सीधा असर यह पड़ रहा है कि नए किसानों को टोकन के बावजूद खरीदी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रवार स्थिति की बात करें तो ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के उपार्जन केंद्रों पर हालात सबसे ज्यादा खराब बताए जा रहे हैं, जहां भंडारण क्षमता पहले ही भर चुकी है। कई केंद्रों पर खुले में धान रखने की नौबत आ गई है, जिससे बारदाना,सुरक्षा और गुणवत्ता को लेकर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। किसान संगठनों का कहना है कि यदि मिलरों द्वारा उठाव की गति तत्काल नहीं बढ़ाई गई, तो खरीदी व्यवस्था पूरी तरह ठप हो सकती है।

### ओवरलोड व बिना...

चलाकर ओवरलोड एवं बिना फिटनेस वाहनों का पंजीयन निलंबित किया जाएगा। इससे पूर्व इसी तरह की कार्रवाई में कई वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र निलंबित किए जा चुके हैं। बताया जा रहा है कि ओवरलोड वाहन बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ते हैं, जिससे सड़क जर्जर एवं हादसे होने का खतरा बना रहता है और लोगों की जान जोखिम में रहती है।

### पोकलेन मशीन में...

तत्वों की करतूत मानकर देखा जा रहा है। हालांकि पुलिस हर कोण से जांच कर रही है आरोपियों को पकड़ने के लिए कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य सुरागों का अध्ययन कर रही है। क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग भी बढाने की आवश्यकता है।

**खबर संक्षेप**

## यात्री बसों की सघन जांच जुर्माना व जब्ती की कार्रवाई



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निदेशन में यातायात पुलिस एवं क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय आरटीओ द्वारा जिले में यात्री बसों की सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बसों में यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े आवश्यक मापदंडों की बारीकी से जांच की गई। जांच में अग्निशमन यंत्र, इमरजेंसी विंडो, दरवाजों की स्थिति तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों को परखा गया। अधिकारियों ने बस संचालकों को वाहनों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा लंबी दूरी की बसों में अनिवार्य रूप से दो चालकों की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं करने पर तीन बसों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया, वहीं बिना परमिट संचालित एक बस को जब्त किया गया। आरटीओ द्वारा सभी बस संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इस प्रकार की जांच एवं कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## मनरेगा कोई योजना नहीं गरीबों का हक है: चंदन



**बस्तर।** आज भानपुरी ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तरीय जनसंपर्क पदयात्रा चपका से चलकर ग्राम कुम्हली पहुंची। इस दौरान मनरेगा पर हो रहे हमलों, काम के अवसरों में कटौती और मजदूरी भुगतान में हो रही देरी को लेकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों की सच्चाई जनता के सामने रखी गई। पदयात्रा का शुभारंभ ग्राम चपका से हुआ और कुम्हली बाजार स्थल में समापन हुआ। पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने समापन में संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं, गरीबों का हक है। इस हक पर हमला बर्दाश्त नहीं। कांग्रेस हर गांव, हर मज़दूर के साथ खड़ी है। और इसके लिए हम सड़क से लेकर सदन तक कि लड़ाई लड़ेंगे। इस दौरान ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष धनुर्जय नेताम, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष धर्मा पाढ़ी, निलय कश्यप, लखेश्वर कश्यप, बबलू बघेल, श्याम कुमारी ध्रुव, सावित्र यादव, श्रीधर कश्यप, रोमनाथ सिन्हा, रमेश पांडेय, नरेंद्र पांडेय, हेमलाल पाण्डे, कामेश्वर सिन्हा, शारदु भारती, सत्यकांत कश्यप, जोगी राम कश्यप, सोमारु कश्यप, मोसु कश्यप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# तनाव-मुक्त होकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा के सफल नेतृत्व एवं जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के संयुक्त कार्यक्रम

■ **बोर्ड परीक्षा से पूर्व तनाव-मुक्त हम होंगे कामयाब कार्यशाला हुआ**

बीजादुतीर के सहयोग से बोर्ड परीक्षा से पूर्व तनाव-मुक्त हम होंगे कामयाब कार्यशाला के आयोजन की शुरुआत की गई। यह कार्यशाला 20 से 5 फरवरी तक जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में आयोजित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में 20 जनवरी को विकासखंड भैरमगढ़ के पीएम श्री शासकीय रेसिडेंशियल स्कूल पोटाकेबिन, नेलसनार तथा विकासखंड बीजापुर के हायर सेकेंडरी स्कूल पापनपाल में हम होंगे कामयाब कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा से पूर्व होने वाले मानसिक तनाव से मुक्त करना एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी हेतु प्रेरित करना था। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए ध्यान-योग, मेडिटेशन, उड़न-छू ताली, एनर्जाइज़र एवं खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से तनाव कम करने के प्रभावी उपाय बताए गए। छात्रों को समझाया गया कि परीक्षा केवल विषयों और पढ़ाई का स्व-मूल्यांकन है, जीवन का नहीं। अत्यधिक मानसिक तनाव परीक्षा की तैयारी को प्रभावित कर सकता है, इसलिए समय-सारिणी बनाकर योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई करने पर विशेष जोर दिया गया। तनाव से निपटने हेतु विद्यार्थियों को आईवीआर नंबर 8123922651 पर कॉल कर सहायता लेने की भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण, ब्लॉक समन्वयक भारत कारम, विनोद गावड़े तथा बीजादुतीर स्वयंसेवक ज्योति कड़ती एवं कुंदन वार्गेम द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। उन्होंने परीक्षा की बेहतर तैयारी, समय प्रबंधन एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### विभिन्न गतिविधियां कराई गईं

बोर्ड परीक्षा से पहले बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हम होंगे कामयाब थीम पर विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। विद्यार्थियों से सरल एवं सहज भाषा में संवाद करते हुए परीक्षा से जुड़ी आशंकाओं, डर के कारणों एवं उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने भी खुलकर अपनी भावनाएं और चिंताएं साझा कीं। कार्यक्रम के अंत में परीक्षा के दबाव को कम करने एवं मन को शांत रखने के लिए मेडिटेशन कराया गया। साथ ही छोटे-छोटे खेल एवं ऊर्जावर्धक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को रिलैक्स करने का अवसर मिला। इन गतिविधियों के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों की एकाग्रता में वृद्धि, आत्मविश्वास में सुधार तथा मानसिक तनाव में कमी देखने को मिली। कार्यशाला के समापन पर विद्यार्थियों ने स्वयं को पहले से अधिक शांत, सकारात्मक एवं परीक्षा के लिए तैयार महसूस किया।

## विधायक ने केंद्र व राज्य सरकार पर साधा निशाना

# किसानों की उपेक्षा नहीं की जाएगी बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोण्ड/ घाटलोहंगा

मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत आज ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा में जनसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक लखेश्वर बघेल के ग्राम आगमन पर माता-बहनों ने स्वागत किया। जिससे पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

विधायक ने कहा कि मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण परिवारों का संवैधानिक

■ **मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत छोटे देवड़ा में जनसभा**

अधिकार है। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार यूपीए सरकार द्वारा शुरू की गई जनहितकारी योजनाओं को नाम बदलकर लागू कर रही है और इससे गरीब जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस सरकार के समय मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सम्मानजनक रोजगार दिया गया, जिससे उनके परिवारों का भरण-पोषण संभव हुआ।



आज वही सरकार मनरेगा जैसी योजनाओं को कमजोर करने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि 125 दिनों में भुगतान देने की बात कर मजदूरों को भ्रमित किया जा रहा है, जबकि यह व्यवस्था मजदूरों के हक पर सीधा प्रहार है और उनके पेट पर लात मारने जैसा है। विधायक ने भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज ग्रामीण मजदूर, किसान और गरीब वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है मनरेगा को कमजोर करने का अर्थ है ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कमजोर करना इसी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी अंतिम गांव और अंतिम व्यक्ति तक जाकर संघर्ष कर रही है।


### धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात छोटे देवड़ा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छोटे देवड़ा लैम्पस में धान उठाव नहीं होने के कारण किसानों की परेशानियां सामने आईं किसानों ने टोकन नहीं कटने की शिकायत विधायक के समक्ष रखी। इस पर विधायक बघेल ने लेम्पस कर्मचारियों से सवाल-जवाब किया कर्मचारियों ने बताया कि हेक्टेयर एवं रकबा बढ़ जाने के कारण ऊपर से सीमित मात्रा में ही धान लेने के निर्देश मिले हैं। इस पर स्पष्ट निर्देश दिए कि बचे हुए किसानों के टोकन शीघ्र काटे जाएं, ताकि किसान भाइयों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और वे समय पर अपने कर्ज की भरपाई कर सकें। विधायक ने कहा कि किसान अन्नदाता है और उसकी उपेक्षा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी कांग्रेस पार्टी किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक मजबूती से लड़ती रहेगी। इस अवसर पर मानसिंह कवासी, हेमराज बघेल, वीरेंद्र सेठिया, कमलु राम, संतोष कश्यप, पूरन कश्यप, हेमंत कश्यप, राजेश कुमार,तुलसीराम ठाकुर,विजय भारती एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, किसान एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

# भद्रकाली मंदिर में तीन दिवसीय मेला समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपालपटनम

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत भद्रकाली में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां भद्रकाली मंदिर में तीन दिवसीय मेला समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन विशववसु नाम संवत्सर के अंतर्गत माघ शुक्ल चतुर्थी, पंचमी एवं षष्ठी तिथि को 22 जनवरी से 24 जनवरी तक भक्ति श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न होगा। मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा क्षेत्र के समस्त भक्तजनों से अपील की गई है कि वे मां भद्रकाली के पावन स्थल पर पधारकर दर्शन-पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित करें। गुरुवार को गौतम कुंड (गौतम ऋषि के तप स्थल) से पवित्र जल लाकर देवी स्नान, मंडपाच्छादन एवं घट स्थापना, देवी पूजन, लोकल नृत्य एवं चित्रपट का आयोजन। शुक्रवार को देवी पूजन एवं हवन पूर्णाहुति, रात्रि में लोकल नृत्य, चित्रपट आयोजन एवं आर्केस्ट्रा कार्यक्रम व शनिवार को देवी पूजन, बोनालू देवी नृत्य, मन्नतें, मेला समारोह का समापन होगा। मंदिर



समिति की ओर से तीन दिनों तक समस्त भक्तजनों हेतु निःशुल्क भोजन व्यवस्था की गई है।

इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासी भद्रकाली सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। मेला समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। भद्राकाली मेला में विशेष आकर्षण का क्षेत्र तीनों नदियों का मनोरम सुंदर गौतम कुंड एवं पहाड़ों के बीच नदियों का संगम होना सौंदर्य का आकर्षण रहता है।

इस मेले में छत्तीसगढ़ के अलावा तेलंगाना महाराष्ट्र के खेल खिलौने दुकान मिठाई के दुकान पहुंचते हैं और तीनों राज्यों के भक्तगण श्रद्धा भक्ति के साथ इस पवन दार्शनिक स्थल पहुंचकर मां भद्रकाली का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# खनन क्षेत्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**एनएमडीसी प्रबंधन के खनन कार्यों में सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण व क्षेत्रीय विकास पर दिया जोर**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज जिले के प्रमुख लौह खनन क्षेत्र किरंदुल का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खनन गतिविधियों की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा खनन से प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों का गहनता से जायजा लिया।

निरीक्षण का उद्देश्य खनन कार्यों को सुरक्षित, पर्यावरण-संवेदनशील एवं क्षेत्रीय विकास के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करना रहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने डिपॉजिट 14, 13 तथा 11 सी-11 बी क्षेत्र का अवलोकन किया। उन्होंने खनन एरिया स्थित क्रशिंग प्लांट, वेस्ट मटेरियल डंपिंग क्षेत्र एवं आयरन ओर लोडिंग प्लांट का निरीक्षण कर एनएमडीसी प्रबंधन से खनन प्रक्रियाओं, सुरक्षा उपायों तथा संचालन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा



कि खनन गतिविधियों का संचालन पर्यावरणीय नियमों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप किया जाना अनिवार्य है।

उन्होंने खनन क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा, दुर्घटना रोकथाम तथा आपात स्थिति से निपटने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी प्रकार की आकस्मिक आपदा की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाकर जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा पीपीटी के माध्यम से खदानों एवं पट्टों की जानकारी, खनन क्षेत्र व प्रक्रियाओं का संक्षिप्त अवलोकन, सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी पहल, एनएमडीसी के सीएसआर कार्य, सामाजिक दायित्व के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों तथा प्राप्त पुरस्कार एवं सम्मानों की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, डीएफओ रंगानाधा रामाकृष्णा वाय सहित एनएमडीसी प्रबंधन, फारेस्ट के अधिकारी मौजूद थे।

# ग्रामीणों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दरभा

दरभा के साप्ताहिक बाजार में पुलिस थाना दरभा और यातायात पुलिस के द्वारा यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह महत्वपूर्ण संदेश के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन थाना प्रभारी चाणक्य नाग के मार्गदर्शन में हुआ। सड़क सुरक्षा माह रथ साप्ताहिक बुधवार बाजार दरभा पहुंचा। जहां पुलिस की संयुक्त टीम एवं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह रथ ने बाजार में आए ग्रामीणों की यातायात नियमों की जानकारी दी। साप्ताहिक बाजार में उपस्थित ग्रामीणों को राष्ट्रीय



सड़क सुरक्षा माह रथ के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। वहीं थाना प्रभारी ने इस बात पर जोर दिया कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग कि जिम्मेदारी नहीं हैं बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य हैं। उन्होंने बताया कि सावधानी हटी, दुर्घटना घटी, केवल एक नारा नहीं बल्कि जीवन का मंत्र होना चाहिए। यातायात नियमों से संबंधित पोस्टर बांटकर लोगों को जागरूक किया गया। दरभा पुलिस एवं यातायात पुलिस टीम के द्वारा बाजार स्थल में आए ग्रामीणों को पोस्टर और पॉकेट डायरी का वितरण किया। साप्ताहिक बाजार दरभा में पहुंचे दुपहिया वाहन और मोटर साइकिल यात्रियों के वाहनों में सड़क सुरक्षा पोस्टर लगाकर यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह रथ के माध्यम से यातायात जागरूकता के दौरान ग्रामीणों को नशा मुक्ति, साइबर अपराध, बच्चों व महिला अपराध की भी जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# सोलर लाइटें बंद, अंधेरे में डूबा केशलूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोकापाल

तोकापाल मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर में केशलूर चौक में पिछले लंबे समय से सोलर स्ट्रीट लाइटों के खराब होने के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस

■ **आक्रोशित ग्रामीणों ने क्रेडा को सौंपा ज्ञापन**

समस्या के निराकरण हेतु आज अभिषेक डेविड के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों के साथ क्रेडा विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द सुधार कार्य शुरू करने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर सौर ऊर्जा लाइटें तो लगवा दी,





लेकिन उनके उचित रखरखाव की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वर्तमान में अधिकांश लाइटें शो-पीस बनकर रह गई हैं। रात होते ही गांव की गलियां अंधेरे में डूब जाती हैं, जिससे बुजुर्गों और बच्चों को पैदल चलने में परेशानी होती है। केशलूर चौक में आंध्रपदेश, तेलंगाना, ओड़सिा से भारी ट्रकों का आगमन होता है जो चौक छोटी होने के चलते लाइट कि बहुत ही ज्यादा आवश्यकता होती है और पंचायत भी ध्यान नहीं देता, ना ही कोई प्रशासन अधिकारी। इस चौक में कोई बड़ी घटना का इंतजार होने पर सुधारा जायेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान नकुल मौर्य, गौरव दास, रोशन राज, लक्ष्मण सहित भारी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

क्रेडा अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही तकनीकी टीम भेजकर लाइटों का निरीक्षण और मरम्मत कराई जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर लाइटें ठीक नहीं हुईं, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

36वें सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत थाना किरंदुल एवं परिवहन विभाग, जिला दंतेवाड़ा द्वारा संयुक्त रूप से किरंदुल थाना परिसर में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य दूर-दराज एवं आंचलिक क्षेत्रों में निवासरत आम नागरिकों को परिवहन संबंधी सेवाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराना रहा। शिविर में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। ग्रामीण एवं सुदूर



अंचलों से आए युवाओं और वाहन चालकों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। लाइसेंस से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं को सरल बनाते हुए मौके पर ही मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इस अवसर पर नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, गति सीमा के पालन, नशे की अवस्था में वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों के महत्व की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों के पालन से सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। स्थानीय नागरिकों ने थाना किरंदुल एवं परिवहन विभाग की इस संयुक्त पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों के आयोजन से समय और संसाधनों की बचत होने के साथ-साथ दूर शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2024-25
तोकापाल दिनांक, 19/01 /2026
**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लोकनाथ कुदराम पिता स्व. पनकू कुदराम जाति हल्बा निवासी ग्राम रानसरगीपाल तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पिता स्व. पनकू कुदराम पिता लच्छू कुदराम मृत्यु तिथि 20/11/1997 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत रानसरगीपाल के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 02/02/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 19/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 02/02/2026

मुहर — **तहसीलदार तोकापाल**

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2024-25
तोकापाल दिनांक, 19/01/2026
**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लोकनाथ कुदराम पिता स्व. पनकू कुदराम जाति हल्बा निवासी ग्राम रानसरगीपाल तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने माता स्व. रैयमती कुदराम /पनकू कुदराम मृत्यु तिथि 07/10/2012 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत रानसरगीपाल के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 02/02/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 19/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 02/02/2026

मुहर — **तहसीलदार तोकापाल**

**कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर जगदलपुर**
**(नजूल शाखा)**
**-: उद्घोषणा :-**
रा. प्र. क्र.- 46/अ-4/2025-2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रश्मि अग्रवाल पति संजय अग्रवाल निवासी बालाजी वार्ड जगदलपुर के द्वारा मोहल्ला प्रतापगंजपारा शीट क्र. 79 भूखण्ड क्र. 93/5 क्षेत्रफल 1011 वर्गफुट, भू-भाटक 4.85 रूपये स्थाई पट्टे की भूमि को नवीनीकरण करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 05/02/2026 तक स्वयं या अपने विधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय मे उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/01/2026 को न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर — **नजूल अधिकारी जगदलपुर**

**कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर जगदलपुर**
**(नजूल शाखा)**
**-: उद्घोषणा :-**
रा. प्र. क्र.- 47/अ-4/2025-2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष अग्रवाल पिता शिवशंकर अग्रवाल निवासी बालाजी वार्ड क्र. 13 जगदलपुर के द्वारा मोहल्ला प्रतापगंजपारा शीट क्र. 79 भूखण्ड क्र. 38/1 क्षेत्रफल 1020 वर्गफुट, भू-भाटक 828.34 रूपये स्थाई पट्टे की भूमि को नवीनीकरण करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 05/02/2026 तक स्वयं या अपने विधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय मे उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/01/2026 को न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर — **नजूल अधिकारी जगदलपुर**

**कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर जगदलपुर**
**(नजूल शाखा)**
**-: उद्घोषणा :-**
रा. प्र. क्र.- 48/अ-4/2025-2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मीनादेवी अग्रवाल पति शिवशंकर अग्रवाल निवासी बालाजी वार्ड क्र. 13 जगदलपुर के द्वारा मोहल्ला प्रतापगंजपारा शीट क्र. 79 भूखण्ड क्र. 93/4 क्षेत्रफल 1008 वर्गफुट, भू-भाटक 4.84 रूपये स्थाई पट्टे की भूमि को नवीनीकरण करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 05/02/2026 तक स्वयं या अपने विधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय मे उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/01/2026 को न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर — **नजूल अधिकारी जगदलपुर**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अंडर-15 व अंडर-19 महिला क्रिकेटरों का ट्रायल कल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार महिला अंडर-15 एवं अंडर-19 क्रिकेटरों का ट्रायल बस्तर जिले में आयोजित किया जा रहा है। जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में यह ट्रायल 24 जनवरी को प्रातः 9 बजे से लालबाग क्रिकेट मैदान में लिया जाएगा। ट्रायल में जिले की प्रतिभावान महिला क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। अंडर-15 वर्ग में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगी जिनकी जन्मतिथि 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के मध्य हो, जबकि अंडर-19 वर्ग के लिए कट-ऑफ तिथि 1 सितंबर 2007 निर्धारित की गई है। इच्छुक खिलाड़ी अपना पंजीयन टोनी बारला के माध्यम से या जिला क्रिकेट संघ से संपर्क कर करा सकती हैं।प्रारंभिक ट्रायल में चयनित खिलाड़ी बुधवार को प्रातः 9 बजे से कोंकेर नवागांव क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित अगले चरण के ट्रायल में भाग लेंगी। उक्त जानकारी बस्तर जिले क्रिकेट संघ के सचिव केदार ठाकुर ने दी।

### स्थापना दिवस पर हनुमान मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ



**जगदलपुर।** शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्र आड़ावाल में पंचमुखी हनुमान मंदिर का 3 दिवसीय 8वां वार्षिक उत्सव बुधवार से शुरू हो गया है। बुधवार को शाम 4 बजे शोभायात्रा निकली। वहीं मंडप पूजन और वेदपूजन हुआ। आज प्रातः अभिषेक के बाद रामचरित मानस पाठ आरंभ हुआ। जो कल शुक्रवार तक चलेगा। सुबह 11 बजे हवन और पूर्णाहुति के बाद 1 बजे से भंडारा में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का भोग दिया जाएगा। मंदिर के पुजारी शुभम झा ने बताया कि श्रद्धालुओं और अन्य लोगों के सहयोग से 3 दिन का वार्षिक उत्सव धूमधाम से हो रहा है।

### ओवरब्रिज नहीं होने से लंबा इंतजार



**जगदलपुर।** बैलाडिला से विशाखापट्नम रेल मार्ग पर कई जगह दिन में दर्जनों बार लोगों को रेलवे क्रासिंग पर खड़े होना पड़ता है। यात्री ट्रेन समेत लौहअयस्क भरकर विशाखापट्नम जाने वाली मालगाड़ियां और विशाखापट्नम से किरंदुल आने वाले खाली ट्रेन का आना जाना दिनभर इस मार्ग पर लगा रहता है। शहर सीमा से लगा हुआ क्षेत्र आड़ावाल से कुरंदी मार्ग पर ओवरब्रिज नहीं होने से लोगों को ट्रेन गुजरते तक क्रासिंग में लंबा इंतजार करना पड़ता है। ऐसी स्थिति दिन भर में कई बार आती है। लोग समय खराब होने से परेशान होते है लेकिन इसका कोई समाधान आज तक नहीं निकल पाया है। वहीं मारेंगा से आड़ावाल तक बाईपास रोड होने से ट्रक और बसें भी ट्रेन गुजरने तक दोनों साईड में खड़ी रहती है। ऐसी स्थिति में यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी रोजाना होती है। लोग रेल प्रशासन से ओवरब्रिज की मांग बरसों से करते आ रहे हैं।

# बड़ांजी की महिलाओं ने 36 पारंपरिक व्यंजनों के साथ जीता प्रथम इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर की माटी की सोंधी खुशबू और यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एक बार फिर चर्चा में है। पिछले दिनों धाराउर में आयोजित लोहंडीगुड़ा विकासखंड स्तरीय बस्तर पण्डुम पूरी तरह से बस्तरिया लोक-संस्कृति और पारंपरिक खान-पान के रंगों में रंगा नजर आया। इस आयोजन का आकर्षण बडांजी की महिलाओं का वह दल भी रहा, जिसने अपनी पाककला के अदभुत प्रदर्शन से न केवल निर्णायकों का दिल जीता, बल्कि प्रथम स्थान हासिल किया।

इस प्रतियोगिता में बड़ांजी की महिलाओं ने बस्तर के खान-पान की विविधता को एक ही मंच पर उतार दिया। उन्होंने एक या दो नहीं बल्कि पूरे 36 प्रकार के पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई। उनकी थाली में सेहत और स्वाद का बेजोड़ संगम देखने को मिला, जिसमें मुख्य रूप से बस्तर की पहचान माने जाने वाले मंडिया पेज और कोदो भात शामिल थे। इसके साथ ही स्वाद को बढ़ाने के लिए बस्तर की मशहूर चापड़ा चटनी और केउ कंद से बनी केउ चटनी ने आगंतुकों को उंगलियां चाटने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा पारंपरिक आमट और पौष्टिक मुनगा भाजी जैसे व्यंजनों ने यह साबित कर दिया कि बस्तर का भोजन अपने जायके के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी खजाना है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के पीछे बड़ांजी की मातृशक्ति का कठोर परिश्रम और अपनी जड़ों के प्रति प्रेम है। टीम में शामिल कोयली मंडन, कमली बघेल, सुकरी मंडावी, चम्पा कश्यप, निरबती और चंद्रकांती ने मिलकर इन 36 व्यंजनों को तैयार किया।

### अब जिला स्तर पर बिखेरेंगी जायके की खुशबू



#### पुरस्कार जीतने से बढ़ा आत्मविश्वास

इन महिलाओं ने यह दिखा दिया कि आधुनिकता के दौर में भी वे अपनी रसोइयों में बस्तर की सदियों पुरानी परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। विकासखंड स्तर पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने और प्रथम पुरस्कार जीतने के बाद अब इन महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। यह विजेता टीम अब जगदलपुर में आयोजित होने वाले आगामी जिला स्तरीय बस्तर पण्डुम में अपने हुनर का प्रदर्शन करेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि जिस तरह धाराउर में इन्होंने अपने 36 व्यंजनों का जादू चलाया, वैसा ही स्वाद और बस्तरिया संस्कृति का गर्व वे जगदलपुर के मंच पर भी प्रस्तुत करेंगी।

## खरीदी के अंतिम सप्ताह में खरीदी केंद्र में बढ़ी गहमा-गहमी

# 9 किसानों ने टोकन कटाकर बेचा 600 क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सरकारी मूल्य पर धान खरीदी का अंतिम दौर चल रहा है। इस महिने की आखिरी तक धान खरीदी होना है। अभी भी किसान अपना पूरा धान नहीं बेच पाए हैं। लैम्पस में टोकन कटाकर धान का तौल कराने पहुंच रहे हैं। गुरूवार को हरिभूमि ने सेमरा लैम्पस के अंतर्गत आने वाले कुरंदी के धान खरीदी केंद्र का जायजा लिया। जहां 9 किसान टोकन कटवाकर अपना धान का तौल करवा रहे थे। जिनमें मंगल बघेल, पवन देवांगन, हरिशचंद्र सेठिया, सुखलाल पिता सोनाधर, सुखलाल पिता लक्ष्मण, नारायण कश्यप, लक्षीम, बरखा मिश्रा और शुभम मिश्रा धान बेचने पहुंचे थे। खरीदी केंद्र प्रभारी हरिश सेठिया ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि इन 9 किसानों का लगभग 600 क्विंटल धान शाम तक तौल हो जाएगा। उन्होंने बताया कि आज तक 18192 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। जिनमें 1800 क्विंटल धान मिलर्स ने उठाया है। वहीं 16392 क्विंटल धान पड़ा हुआ है। कुल धान की खरीदी 4 करोड़ 31 लाख की हुई है जिनमें से 2 करोड़ 57 लाख का भुगतान 296 किसानों को कर दिया गया है। इसमें लैम्पस से ऋण में नगद और खाद्य बीज लेने वाले किसानों से धान खरीद कर 1 करोड़ 74 लाख की ऋण वसूली की गई है।

**खुले में पड़ा है हजारों क्विंटल :** खरीदी का दौर समाप्ति की ओर है लेकिन खरीदी केंद्र से धान का उठाव लगभग 10 प्रतिशत ही हुआ है। ऐसे में खुले में धान पड़ा होने से नुकसान की आशंका भी बनी हुई है। विशेषकर बारिश होने पर ताल पतरी का अभाव है। खरीदी केंद्र में ग्रामीणों की देखरेख में धान की थप्पियां हैं।



#### खुद का धान है तो डर क्यों

पंजीकृत किसानों ने अपने खेत के रकबा के अनुसार सोसायटी से नगद और खाद बीज लेकर फसल की पैदावार की है। उसके अनुसार उन्हें धान सोसायटी में बेचना है। जिसके बदले में सरकार द्वारा घोषित दर पर उन्हें पेमेंट मिल रहा है। टोकन कटाने वाले किसानों के घर जाकर पड़ताल करना कोई गलत बात नहीं है। किसान जो धान लेम्पस में बेचेगा वहीं उसने टोकन में दर्ज किया होगा। डर उन लोगों में होगा जो अवैध धान अपने पट्टे में बेचेंगे। इस व्यवस्था से अवैध धान की बिक्री पर रोक लगेगी।

**श्रीनिवास मिश्रा, उपाध्यक्ष,** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर

#### किसानों के घर पहुंच रहे अधिकारी कर्मचारी

धान की अवैध बिक्री को रोकने इस साल अलग तरीका अपनाया जा रहा है। टोकन कटाने वाले किसानों के घर पटवारी, तहसीलदार एवं अन्य कर्मचारी पहुंच रहे हैं। जो यह जांच रहे हैं कि टोकन में जितनी मात्रा किसानों ने बेचने के लिए कहा है वह उनके घर में है या नहीं। अगर कम ज्यादा है तो उस पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही हैं। इसे लेकर कतिपय किसानों में नाराजगी भी दिख रही है। लेकिन अवैध धान न खपाया जा सके इसके लिए यह तरीका भी अपनाया जा रहा है।

# जिला पंचायत स्थायी समितियों की बैठकों में लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जिला पंचायत बस्तर में स्थायी समितियों की बैठकों को लेकर बरती जा रही उदासीनता पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने नोटिस जारी करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहा है कि भविष्य में कार्य में कोताही बरतने पर सीधे अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

- सीईओ जिला पंचायत ने अधिकारियों को दी अनुशासनात्मक कार्यवाही की नोटिस

जिला पंचायत कार्यालय द्वारा नवंबर 2025 में ही निर्देश दिए गए थे कि पंचायतीराज अधिनियम 1994 के नियमों के तहत स्थायी समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं। लेकिन संज्ञान में यह बात आई कि संबंधित अधिकारियों द्वारा न तो हर महीने बैठकें बुलाई जा रही हैं और न ही बैठकों की जानकारी कार्यालय को भेजी जा रही है, जिसे सीईओ ने प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से जारी किए गए इस स्मरण-पत्र में अब बैठकों के लिए एक निश्चित समय-सीमा निर्धारित कर दी है। नए निर्देशों के अनुसार अब हर महीने की 15 तारीख तक स्थायी समितियों की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करनी होगी। इसके पश्चात, बैठक का पूरा विवरण और कार्यवाही प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में हर महीने की 25 तारीख तक जिला पंचायत कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

उक्त संबध में वन, शिक्षा, कृषि, संचार, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य सभी प्रमुख स्थायी समितियों के सचिवों को जारी निर्देशों में कहा गया है कि यदि भविष्य में बैठकों के आयोजन में लापरवाही की पुनरावृत्ति हुई या शिकायत मिली, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे। साथ ही जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वे अपने स्तर पर स्थायी समितियों की नियमित बैठकें आहूत कर जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# युवा दौड़ में छात्रों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले के बकावंड ब्लॉक स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव में बुधवार को ऊर्जा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। यहां विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 'युवा दौड़' का गरिमामय आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस आयोजन का मुख्य आकर्षण कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के राष्ट्रीय सेवा योजना कैडेटों का अनुशासन और समर्पण रहा। दौड़ के शुभारंभ से पूर्व सभी कैडेटों ने युवाओं के शाश्वत प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर ध्यान केंद्रित कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात पूर्ण अनुशासन के साथ उन्होंने दौड़ प्रारंभ की और उसे सफलतापूर्वक पूर्ण किया। स्वस्फूर्त होकर दौड़े इन युवाओं ने न केवल अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि स्वामी जी के आदर्शों को भी अपने आचरण में उतारा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार की सक्रिय भूमिका रही। संस्था की प्राचार्य मोनिता पानिग्राही और व्याख्याता लुप्तेश्वर आचार्य ने उपस्थित रहकर छात्रों का मनोबल बढ़ाया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रभारी राहुल सिंह ठाकुर के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम अधिकारी वाणी हुमने और लोकेश निषाद ने भी अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दी। समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना कैडेटों की उपस्थिति ने इस युवा दौड़ को एक यादगार आयोजन बना दिया।



### फुटबॉल अकादमी ने 7-1 से जीता मैच

**जगदलपुर।** भगवा कप फुटबॉल टूनार्मेंट में आज फुटबॉल अकादमी और लोहंडीगुड़ा के बीच मैच खेला गया। जो एकतरफा रहा। अकादमी ने 7 गोल दागे जबकि लोहंडीगुड़ा की टीम 1 ही गोल मार सकी। इस तरह फुटबाल अकादमी की टीम 6 गोल से विजयी रही। फुटबॉल अकादमी के मनीष ने 8 वें मिनट में अमित नाग ने 19वें और 55वें मिनट में, आशीष खरे ने 18वें मिनट में, आयुष ने 39वें मिनट में, सुमीत नाग ने 48वें मिनट में गोल किए। जबकि लोहंडीगुड़ा के श्याम ने 49वें मिनट में एक मात्र गोल टीम की ओर से किया। इस मैच के रेफरी सोहन बेसरा, अगेंद्र, राहुल और मोतीलाल थे। यह जानकारी विश्वजीत भट्टाचार्य ने दी है।

# एक परिसर में 3 स्कूल, 1 नल होने से जल की भारी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शिक्षा विभाग के सबसे बड़े अधिकारी संयुक्त संचालक के दफ़्तर के बगल में संचालित केवरामुंडा स्कूल पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। एक ही परिसर में 3 संस्था हाईस्कूल, मिडिल और प्राइमरी स्कूल संचालित है। जहां दर्ज संख्या 300 के करीब है। लेकिन पानी की सही व्यवस्था नहीं होने से बच्चों और स्टाफ को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्राचार्य ने 8 महिने पहले 1 मई 2025 को जिला शिक्षा अधिकारी और पीएचई के कार्यपालन अभियंता को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया था। लेकिन समस्या का निराकरण नहीं किया गया। ऐसे में टॉयलेट में पानी नहीं होने से बच्चों को छुट्टी लेकर घर जाना पड़ता है। अधिकारी जो पूरे संभाग के शिक्षा विभाग के प्रमुख है उनके ही बगल में शाला का हाल बेहाल है। दिया तले अंधेरा जैसी स्थिति यहां पर है। एक जागरूक युवक मनीष सिसोदिया ने बच्चों की पीड़ा को महसूस कर शाला के हेडमास्टर से चर्चा की। प्राइमरी के एचएम राजकुमार मानिकपुरी ने बताया कि मध्यान्ह भोजन तक के लिए पानी की कमी पड़ जाती है। जिसके चलते परेशानी होती है। सबसे ज्यादा दयनीय हाल टॉयलेट का है। बच्चों को मजबूरी में अपने घर जाकर तकलीफ दूर करनी पड़ती है। उच्च अधिकारी तक बात पहुंचाई गई बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है।

- टॉयलेट में पानी की कमी होने से बच्चे जाते हैं छुट्टी लेकर घर
- 8 महीने पहले डीईओ और पीएचई को प्राचार्य ने भेजा पत्र







#### मतदान केंद्र और खिलाड़ी ठहरते है यहां

सभी चुनाव में कुम्हारपारा के केवरामुंडा स्कूल को मतदान केंद्र बनाया जाता है। वहीं शहर में होने वाले सभी तरह के खेल गतिविधियों में जिले और अन्य प्रदेश से आने वाले खिलाड़ियों को यहां ठहराया जाता है। ऐसी स्थिति में खिलाड़ियों के साथ आने वाले स्टाफ और मतदान के लिए सुबह से शाम तक तैनात रहने वाले अधिकारी कर्मचारियों को टॉयलेट में पानी नहीं होने से दिक्कतें होती है।

#### आला अफसरों के रहते समस्या विद्यमान

संभाग मुख्यालय होने से शहर में आला अधिकारियों का निवास है। वहीं सभी जनप्रतिनिधि भी यहीं रहते है। ऐसे में शाला के बच्चों की परेशानी को दूर करने की पहल न होना गंभीर बात है। जब शहर का यह हाल आला अफसरों के रहते है तो दूरस्थ क्षेत्र के शालाओं का क्या हाल होगा यह समझा जा सकता है।




# बालाजी मंदिर में रजत जयंती महोत्सव 26 जनवरी से, एक सप्ताह तक चलेगा भक्ति उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भगवान श्रीवेंकटेश्वर स्वामी बालाजी मंदिर का रजत जयंती महोत्सव का आयोजन 26 जनवरी से 1 फरवरी तक किया जाएगा। यह सात दिवसीय आयोजन श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक गरिमा के साथ संपन्न होगा। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया जाएगा और प्रतिदिन धार्मिक वातावरण बना रहेगा।

- 27 जनवरी को मंदिर प्रांगण से निकलेगी भव्य शोभायात्रा

27 जनवरी को मंदिर प्रांगण से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में भगवान बालाजी की आकर्षक झांकी,भजन-कीर्तन और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ श्रद्धालु नगर भ्रमण करेंगे। यह शोभायात्रा रजत जयंती महोत्सव का प्रमुख आकर्षण मानी जा रही है,जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रहेगी।



29 जनवरी को महाअभिषेकम एवं श्रीश्री निवास कल्याणम का आयोजन किया जाएगा,जिसमें विशेष पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान संपन्न होंगे। 31 जनवरी को श्रीसत्यनारायण कथा का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का समापन 1 फरवरी को महाआरती के पश्चात विशाल महाभंडारे के साथ होगा।

महोत्सव को लेकर मंदिर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं और आयोजन को ऐतिहासिक व स्मरणीय बनाने का प्रयास किया जा रहा है। रजत जयंती के अवसर पर यह आयोजन बस्तर क्षेत्र में धार्मिक सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का संदेश भी देगा। अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से महोत्सव में सहभागिता कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील श्रीबालाजी टेम्पल कमेटी के अध्यक्ष बी वासुदेव राव एवं सचिव बी वेंकट राव ने की है।

आवश्यकता है
नीलिमा डेवलपर्स एवं बिल्डर्स में प्रोजेक्ट साइट हेतु सिविल इंजीनियर एवं साइट सुपरवाईजर की आवश्यकता है।
सिविल इंजीनियर (BE) - कम से कम साइट में 5 वर्षो का अनुभव एवं
साइट सुपरवाईजर- कम से कम साइट में 3 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है।
सिविल इंजीनियर का वेतन 40,000 से 45,000 मासिक (योग्यता अनुसार) एवं साइट सुपरवाइजर का मासिक वेतन 15,000 से 20,000 तक।
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि- 25.01.2026
नीलिमा डेवलपर्स
शिवमंदिर के पास, चित्रकोट रोड, धरमपुरा नं 1, जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग.
फोन- 07782 358085,मोबा.- 92441 44694